अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 9 जनवरी 2023
माघ कृष्ण-द्वितीया
विक्रम संवत-2079

PAGE NO : 07 MIDDLE

वाद्ययंत्रों की धुन पर गूंज उठा मंच

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार की शाम संगीत से सजाई गई। भारतीय और पश्चिमी वाद्ययंत्रों की धुन पर सभागार में मौजूद श्रोता झूम उठे। संगीत गुरुओं ने प्रचलित और लुप्त हो चुके वाद्ययंत्रों की सरगम छेड़ी तो मंच गुंजायमान हो उठा।

सबसे पहले राग क्लासिकल इंस्ट्रूमेंट के जरिए राग रागेश्वरी का वादन हुआ। उमेश मिश्रा ने सारंगी, कुंवर पाल ने सितार, चंद्रमोहन ने बांसुरी, जनार्दन भारद्वाज ने हारमोनियम, सूर्यकांत चौधरी ने वायलिन पर प्रस्तुति दी।

इसके बाद तबला गुरु आकाश गुप्ता, सावन कुमार और उनके शिष्यों ने मध्यम लय में तीन ताल का प्रदर्शन कर वाहवाही बटोरी। सारंगी गुरु उमेश मिश्रा ने भी साथ दिया। इसी क्रम में राग कलाश्री में फ्यूजन पेश किया गया।

इसमें जोशुना बैले ने ड्रम पर साथ दिया। गुरुजनों ने संगीत की विभिन्न विधाओं से श्रोताओं को रूबरू कराया। एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, डॉ. अनुज कुमार, डॉ. रीता शर्मा मौजूद रहीं।